हिंदी विभाग के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण

27 फरवरी 2026 को ठियोग महाविद्यालय का हिंदी विभाग तृतीय वर्ष के हिंदी के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए ले गए। विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण के लिए शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान , गीऐटी थिएटर, रेलवे स्टेशन और हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय समरहिल शिमला गए। विद्यार्थी सर्वप्रथम ठियोग से शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान में पहुंचे। वहां का भ्रमण करने के पश्चात वे ग़ीयेटी थिएटर गए। उन्होंने वहां के इतिहास को, उस थिएटर का हिमाचल की कला और संस्कृति संरक्षण में क्या महत्व है इस बारे में जाना। उसके पश्चात विद्यार्थी शिमला कालका रेलवे लाइन की तरफ गए वहां उन्होंने रेल की यात्रा की और उस रेल लाइन का भारत व विश्व पटल पर क्या महत्व है इसको समझा। उसके इतिहास के बारे में जाना। तत्पश्चात सभी विद्यार्थी हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला गए ।सर्वप्रथम विद्यार्थियों ने लाइब्रेरी का भ्रमण किया। उसके बाद वे हिंदी विभाग गए वहां वे विभाग के आचार्यों और विद्यार्थियों से मिले । उन्होंने स्नातकोत्तर हिंदी की प्रवेश परीक्षा की जानकारी ली। इस शैक्षणिक भ्रमण में बीए तृतीय वर्ष के 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थी को विभिन्न प्रकार की ज्ञानवर्धक जानकारी देना, विविध क्षेत्रों में रोजगार की उपलब्धता के बारे में बताना, आगमी शिक्षा के लिए प्रेरित और उत्साहित करना था । ये भ्रमण काफी लाभप्रद और मनोरंजनवर्धक था । इस भ्रमण में हिंदी विभाग के दोनों आचार्य डॉ सत्यनारायण स्नेही और डॉक्टर बबीता ठाकुर विद्यार्थियों के साथ थे।



CENTRAL LIBRARY
HIMACHAL PRADESH UNIVERSITY